भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

08.12.2021 के

अतारांकित प्रश्न सं. 1641 का उत्तर

रेलवे स्कूलों को बंद करना

1641. श्री विजयकुमार उर्फ विजय वसंत:
श्री रवनीत सिंह:
श्री श्रीधर कोटागिरी:
श्री सु. थिरुनवुक्करासर:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या रेलवे का आगामी अकादमिक वर्ष से कई रेलवे स्कूलों को बंद करने का कोई प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या रेलवे ने यह सुनिश्चित करने के लिए कोई उपाय किए हैं कि इन स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों को असुविधा न हो और उनकी पढ़ाई में कोई रुकावट न आए;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) इन स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों और अन्य प्रशासनिक कर्मचारियों के पुनर्वास के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) और (ख): जी हां। रेलवे स्कूलों को चलाने में संसाधनों के उपयोग को इष्टतम करने के लिए रेलवे स्कूलों के यौक्तिकरण की योजना बनाई गई है।

(ग) और (घ): जी हां। निकटवर्ती रेलवे स्कूलों में छात्रों का स्थानांतरण जैसे सभी संभव उपाय किए जा रहे हैं जिसमें यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि इन स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों अथवा बच्चों के परिवारों को कोई परेशानी न हो।

(ङ): रेलवे ने कर्मचारी के समाहन और उपयोगिता तथा पुन:तैनाती के लिए नीति निर्धारित की है।

******

S.K